






## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में जिले में हुई 6 .4 मिली मीटर औसत वर्षा

**खण्डवा ।** खण्डवा जिले में गत चौबीस घंटों में 6 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है ।अधीक्षक भू–अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 24, हरसूद में 6 मिली मीटर तथा पंधाना में 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पुनासा तथा खालवा तहसील में कोई भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है । उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 26 सितम्बर तक जिले में 881 .6 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी थी । जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 768 .4 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है । इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 907 मि .मी ., हरसूद तहसील में 661 मि .मी ., पन्धाना तहसील में 663 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 778 मि .मी . तथा खालवा तहसील में 833 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है ।उल्लेखनीय है कि खण्डवा जिले की औसत वर्षा 808 मिली मीटर है ।

### मोतियाबिंद से ग्रसित 43 महिलाओं व 20 पुरुषों को नि :शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा



**खण्डवा ।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिले में महिलाओं को नि :शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . ओ .पी . जुगतावत ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में नि :शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया । इसी क्रम में शिविर में 43 महिलाओं व 20 पुरुषों को मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चिन्हित कर चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा गया है ।शिविर में आये मरीजों के परिजनों को नेत्र रोग की जानकारी देते हुए अपनी आँखों की देखभाल करने व सुरक्षा के लिए भी समझाया गया ।

### आज मनाया जायेगा किशोर नगर मां दुर्गाधाम मंदिर का 19 वां स्थापना दिवस

**प्रति रात्रि हो रही है आकर्षक गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां**



**खंडवा ।** किशोर नगर एलआईजी स्थित मां दुर्गाधाम मंदिर में नवरात्र पर्व के दौरान आज मंदिर का 19 वां स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया जायेगा । अश्विन नवरात्र के दौरान प्रति रात्रि क्षेत्र की बालक बालिकाओं एवं मातृशक्ति द्वारा आकर्षक गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां हो रही है । यह जानकारी देते हुए मां दुर्गाधाम महिला मंडल प्रवक्ता ज्योति निर्मल मंगवानी ने बताया कि मंदिर में पंचमी शनिवार 27 सितम्बर को महाकाकड़ आरती एवं गगनभेदी आतिशबाजी के मध्य मंदिर का 19 वां स्थापना दिवस बडी आस्था एवं श्रध्दा पूर्वक मनाया जाएगा । इस दौरान क्षेत्र के भजन गायक दीपक तांबट द्वारा महामाई की आठ आरतियों की सुंदर संगीतमय प्रस्तुतियाँ होगी । वही रामनगर की प्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा माता का भव्य जागरण होगा । मां दुर्गा धाम मंदिर समिति एवं महिला मंडल की मातृशक्ति ने समस्त श्रद्धालुओं से आयोजन का लाभ लेने की अपील की गई है ।

### आशापुरा माता मंदिर में आज होगा विशाल भगवती जागरण




**खंडवा ।** विधुतनगर रोड सिंधी कालोनी स्थित आस्था केंद्र आशापुरा माता मंदिर के परमपूज्य लालू बाबाजी के आशीर्वाद एवं कृपा से अश्विन नवरात्र पर्व घटस्थापना के साथ बड़ी श्रद्धा पूर्वक 22 सितम्बर से गुरुवार 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहें हैं । पर्व के दौरान नों दिनों तक अनेक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही आज 27 सितम्बर शनिवार रात 10 बजे से मां भगवती का विशाल जागरण होगा । यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर्व मंदिर प्रमुख नवीन गंगवानी के दिशानिर्देश में आयोजित हो रहा है । आज पंचमी के अवसर पर रात्रि 10 बजे पदमनगर की प्रसिद्ध मां शेरावाली जागरण समिति के संजय सोनी, विजय सोनी एवं साथी कलाकारों द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण भक्तिमय गीतों भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों के मध्य होगा । शुक्रवार 1 अक्टूबर महाष्टमी के दौरान कालरात्रि मां महाकाली की पूजा आराधना होगी । गुरुवार 2 अक्टूबर को प्रात- 9 बजे हवन–यज्ञ संपन्न होगा । तत्पश्चात कन्या पूजन एवं भोज पश्चात विशाल भंडारा आयोजित होगा । शाम को घट विसर्जन के साथ ही नवरात्र पर्व संपन्न होगा । मंदिर समिति के समस्त सदस्यों ने धर्म प्रेमी जनता से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है ।

# मंत्री शाह ने वृद्धजनों को जरूरी उपकरण वितरित किए

नवभारत न्यूज

**खण्डवा । जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ . विजय शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों को आवश्यक श्रवण यंत्र, छड़ी, कृत्रिम डेंचर, व व्हीलचेयर जैसे उपकरण वितरित किए। उन्होंने वृद्धजनों को** माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया ।

मंत्री डॉ . शाह ने कहा कि वृद्धजन हमारे आदरणीय व पूजनीय होते हैं । उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए । घर परिवार में सभी सदस्यों को वृद्धजनों के साथ बैठकर उनके अनुभव सुनना चाहिए और उसका लाभ लेना चाहिए ।



### 21 तरह की दिव्यांगता शामिल

राजभवन भोपाल के जनजातीय प्रकोष्ठ में पदस्थ डॉ . दीपमाला रावत ने कहा कि वर्ष 1995 में 7 तरह की दिव्यांगता अधिसूचित की गई थी । वर्ष 2016 में भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार अब 21 तरह की परेशानियों को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया गया है । अब सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया गया है ।

### वृद्धजनों को ज़रूरत का सामान वितरित

मंत्री डॉ . शाह ने कार्यक्रम में नानकी देवी और रत्ना देवी को श्रवण यंत्र प्रदान किए। उन्होंने कन्हैया प्रजापति और मोहनलाल आरतानी को छड़ी तथा रशीद शाह और प्रहलाद काले को कृत्रिम डेंचर, खैरून्निसा और गुलाब बाई को व्हीलचेयर, गोपालदास मंगवानी को छड़ी और कान की मशीन तथा प्रहलाद कड़वा को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए ।

### मोदीजी ने 5 लाख तक इलाज की योजना बनाई : शाह

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रायवेट अस्पतालों में 1 वर्ष में 5 लाख रूपये तक के नि :शुल्क उपचार की सुविधा दिलाई है । अब मँहगे इलाज के लिए वृद्धजन किसी पर बोझ नहीं हैं । विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़े के तहत वृद्धजनों को जरूरी उपकरण प्रदान कर सम्मानित करने का यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है ।

# इलाज के नाम पर लाचार महिला से लाखों रुपए हड़पने वालों को दो-दो साल की सजा



नवभारत न्यूज

**खंडवा । सीधी–सादी महिला गुलाब बाई से इलाज के नाम पर एक महिला और पुरुष ने लाखों रुपए हड़प लिए । डॉक्टर को पैसा देने का कहकर वे पैसे मंगवाते रहे ।**

मामला संवेदनशील देखकर जज ने समाज के ऐसे लोगों को नसीहत देने के लिए कड़ा फैसला लिया। उक्त महिला और पुरुष को दो–दो साल की सजा सुनाई है ।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, राकेश भिडे, खण्डवा ने अभियुक्त चंचला नावले पति मुकेश नावले 42 साल निवासी कार 321 वार्ड नंबर रविंद्रनगर सूरजकुण्ड जिला खण्डवा एवं अनिल राव पंवार पिता स्व . अमृतलाल पवार– 43 वर्ष निवासी ग्राम चारवा वार्ड नंबर 02 बालाजी मंदिर के पास थाना छीपाबड़ जिला हरदा दोनों अभियुक्तगण को धारा 420 भादवि में 02–02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक एक हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है ।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके ने बताया कि सरकारी अस्पताल में उमेश भर्ती था । उसकी मुंहबोली बहन चंचला खंडवा में रहती है । खाने का डिब्बा लेकर सरकारी अस्पताल खंडवा आई ।उसके भाई उमेश की तबीयत पूछी । चालाकी से चंचल आने उक्त महिला से 50000 रुपए रखने के लिए ले लिए । दूसरे दिन उसने पैसों का पूछा तो चंचला ने ईलाज में खर्च होना बताया ।

### उधर लाकर भी रुपए दिए

बाद में करण सिंह अनिल मराठा के साथ 17,000/– रूपये लेकर आया । यह पैसे भी चंचला ने डॉक्टर को देने के नाम पर ले लिए । इससे भी उसका पेट नहीं भरा और 50000 डॉक्टर द्वारा मांगने का कहा । खेत मालिक अजय से भी 100000 रुपए लेकर इन्हें दे दिए ।

### ऐसे हड़पे लाचार महिला से रुपए

चंचला का लालच बढ़ता गया, और उसने रेमदेसीविर इंजेक्शन के नाम पर 3 लाख रुपए मांगे । उमेश जिंदा रहे इसलिए उधार लेकर यह रकम भी महिला ले आई । फरियादी गुलाब ने थाना मोघटरोड खण्डवा में अभियुक्तगण के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई थी । पुलिस ने अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था ।

# मांगलिक परिसर बनाकर तहसील मार्केटिंग खंडवा बढ़ाएगी आय




नवभारत न्यूज

**खंडवा । तहसील मार्केटिंग सोसायटी खंडवा की वार्षिक साधारण सभा संस्था की सरकारी जिनिंग फैक्ट्री कार्यालय भवन, इंदौर रोड, खंडवा में हुई । बैठक की अध्यक्षता संस्था सदस्य** माणिकराव आहवाड़ द्वारा की गई ।

बैठक में कई ऐसे निर्णय लिए गए जिससे संस्था और व्यवस्थित तथा उन्नति के लिए अग्रसर हो । कामकाज का संचालन ढंग से हो । वर्ष 2024–25 के वित्तीय पत्रों का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया । वर्ष 2025–26 के प्रस्तावित बजट को स्वीकृति प्रदान की गई । संस्था का वार्षिक ऑडिट सहकारिता विभाग से कराए जाने का निर्णय लिया गया । संस्था राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भोपाल से आर्थिक सहायता ऋण लेकर जिनिंग परिसर में कन्वेंशन सेंटर सह मांगलिक परिसर बनाए जाने का निर्णय लिया गया ।

सहकारिता में बिन सहकार नही उद्धार

सहकारिता का मूल सिद्धांत है कि व्यक्ति एक साथ मिलकर काम करें और एक दूसरे की मदद करें । इसी थीम पर यह संस्था आगे भी कार्य करती करती रहेगी । सहकारिता के बिना, किसी भी संस्था या समुदाय का उद्धार संभव नहीं है । सहकारिता के माध्यम से ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज के विकास में योगदान कर सकते हैं ।

### वित्तीय पत्रक और बजट का वाचन

संस्था प्रबंधक विनोद माली द्वारा पिछली आम सभा की कार्रवाई के साथ ही वित्तीय पत्रक एवं वर्ष 2025–26 के वार्षिक बजट कार्यक्रम को उपस्थित सदस्यों के समक्ष वाचन कर सुनाया गया । इस अवसर पर अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि, सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सांसद ने दुकानों के ओटले चढ़कर दुकानदारों को 'जीएसटी' समझाया

नवभारत न्यूज

**मूंदी । सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मोदी के बाजारों में घूमे । दुकानदारों से चर्चा भी की । आम आदमी तक भी पहुंचे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि जीएसटी में परिवर्तन से सबको लाभ होगा ।**

### दुकानों पर पहली बार पहुंचे सांसद

ज्ञानेश्वर पाटिल ने दुकानदारों एवं ग्राहकों से सीधा संवाद किया ।अपने साथ लाई गई प्रचार सामग्री का वितरण किया । वरिष्ठजनों के साथ मूंदी बाजार में दो पहिया वाहन ट्रैक्टर शोरूम मेडिकल शॉप जनरल स्टोर हार्डवेयर दुकान एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों का भ्रमण किया ।




### दुकानदारों को यह सलाह दी

कुछ जगह दुकानदारों के यहां जीएसटी की खामियां पाई गईं, तो उन्होंने दुकानदारों को सलाह दी कि आप रेट लिस्ट बनाएं जिसमें लिखा जाए कि जीएसटी की कमी से क्या लाभ ग्राहकों को मिलेगा ।

### लोहा और पेंट्स पर दूर होगी नाराजगी

इस संबंध में सरिया एवं कलर पेंट्स के भाव में कमी नहीं आई है । केवल भवन निर्माण के कार्य में लग रही सीमेंट के भाव में कमी आई है । बाकी लोहे के रेट में कोई परिवर्तन नहीं आया । इसके लिए शीघ्र ही कोई रास्ता निकाला जाएगा ।

### कई भाजपाई भी साथ रहे

उनके साथ माघाता विधायक नारायण पटेल, सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला राठौर, उपाध्यक्ष राज नारायण मंडलोई एवं पूर्व परिषद अध्यक्ष संतोष राठौर, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, धर्मेश राठौड़, भाजपा महामंत्री प्रीतम मंडलोई, विजय बहादुर एवं कई वरिष्ठ जन मौजूद थे ।

# जल संरक्षण के लिए खंडवा जिले को मिलेगा 2 करोड़ रू .का पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**खण्डवा । भारत सरकार के जल शक्ति अभियान- कैच द रेन के तहत शुरू की गई जल संचय, जन भागीदारी पहल में खण्डवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसके लिए खण्डवा जिले को 2 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिलेगा ।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि जल संचय, जन भागीदारी के तहत खण्डवा जिले में गत मई माह के अंत तक जल संरक्षण के लिए 1,29,046 संरचनाएं बनाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है । उन्होंने बताया कि इस अभियान का मूलमंत्र है जहां गिरे, जब गिरे वर्षा का जल, उसे संचित करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने बताया कि जल संचय, जन भागीदारी अभियान गत 6 सितंबर 2024 को जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग द्वारा शुरू किया गया था । यह अभियान कम लागत और वैज्ञानिक तरीकों से भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने की अवधारणा पर केंद्रित है । इस अभियान का मुख्य लक्ष्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जल संकट जैसी चुनौतियों का समाधान करना है । उन्होंने बताया कि जल शक्ति अभियान के तहत खण्डवा में निर्मित ये संरचनाएं दीर्घकालिक और सतत जल प्रबंधन को बढ़ावा दे रही हैं ।

### जिले में बनीं 1 .29 लाख जल संरचनाएं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने बताया कि जल संचय, जन भागीदारी अभियान के तहत खण्डवा जिले में ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, 15वां वित्त, 5वां वित्त, सीएसआर एवं विशेषत: जनसहयोग से कुल 1,29,046 से अधिक संरचनाओं का निर्माण किया गया, जिनमें 12750 रिचार्ज पिट, 1500 रिचार्ज सॉफ्ट, 23570 डगवेल, 5780 बोल्डर चेकडेम, 1256 बोल्डर वॉल, 3960 बोरीबंधान, 7455 पत्थर या मिट्टी के फील्ड बण्ड, 5500 गली प्लग, 3269 नाला ट्रेंच, 6528 हेण्डपम्प रिचार्ज, 39000 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, 58 चेकडैम, स्टॉपडैम, तालाब, 4800 पोखर तालाब, 2275 ड्रेनवर्क, 1500 खेत तालाब, 68 कंटूर ट्रेंच, 750 सूखे बोर रिचार्ज, 2462 जीर्णोद्धार कार्य एवं 6560 अन्य जल संरक्षण संरचनाएं शामिल हैं ।

# 1 आरोपी जिला बदर, 1 अन्य को बंधपत्र भरना होगा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल एक आरोपी दिनेश उर्फ पप्पू पिता गणेश कुन्बी, निवासी ग्राम बीड़ थाना मूंदी को आगामी 1 वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं । जारी आदेश अनुसार इस अवधि में ये आरोपी न केवल खंडवा जिले की सीमा में बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा ।

इसके अलावा कलेक्टर श्री गुप्ता ने एक अन्य आरोपी आकाश पिता मांगीलाल जायसवाल निवासी झुम्मरखाली, थाना हरसूद को 1 लाख रूपये का इस आशय का बंधपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं कि वह अगले 6 माह तक किसी भी अपराध में शामिल नहीं होगा । आरोपी आकाश को थाना हरसूद में अगले 1 वर्ष तक हर माह के पहले और आखिरी सोमवार को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश भी दिए गए हैं ।

# विधायक प्रतिनिधि द्वारा साइकिल वितरण, कन्या पूजन भी किया



नवभारत न्यूज

**खंडवा । पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल माथनी बुजुर्ग में विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे की उपस्थित में नि:शुल्क साईकल वितरण हुआ । कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भी आयोजन किया गया ।**

संस्था के प्राचार्य ने जनप्रतिनिधियों को पौधे भेंट कर अतिथियों का हरित स्वागत किया । संस्था की प्रगति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया । मुकेश तनवे ने शासन की योजनाओं के विषय में विस्तार से बात करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का केवल एक लक्ष्य है कि आप लोग पढ़ें और अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएँ ।

इससे पूर्व नवरात्र के उपलक्ष्य में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भी आयोजन किया गया । जिसमें शाला में अध्ययनरत कन्याओं के पग पखार कर समस्त बच्चों को विशेष भोजन कराया गया ।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संतोष तिवारी ने किया । इस अवसर पर अमलपुरा मंडल अध्यक्ष श्याम फूलमाली, महामंत्री विनोद खांडे, अशोक दशोरे एवं शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# मेले के समय बीड़- सिंगाजी शटल के फेरे बढ़ाने की मांग



नवभारत न्यूज

**बीड़ । एक अक्टूबर से संत सिंगाजी महाराज का दस दिवसीय मेला चालू होगा । जिसमें प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से आने वाले सिंगाजी भक्तों के लिए बीड़ खंडवा शटल फेरा बढ़ाने हेतु सिंगाजी भक्तों ने डीआरएम के नाम दिया ज्ञापन दिया ।**

निमाड़ के निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज का 10 दिवसीय मेला 1 अक्टूबर से चालू होने जा रहा है । मेले में प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से आने वाले सिंगाजी भक्तों को बीड़ तक लाने का काम बीड़ खंडवा शटल करती है ।

### रविवार फेरे चलाएं

मुख्य दिवस शरद पूर्णिमा सोमवार 6 अक्टूबर मनाया जाएगा । बीड़ खंडवा शटल के फेरे बढ़ाने हेतु बीड़ और सिंगाजी धाम के सिंगाजी भक्त रेलवे स्टेशन बीड़ पहुंचे । यहां पर स्टेशन मास्टर को डीआरएम के नाम ज्ञापन देते हुए मांग की । शटल के फेरे सिंगाजी मेले के लिए बढ़ाए जाएं । बीड खंडवा शटल का ग्रामीण होने के जाए सिंगाजी भक्त और ग्रामीणों ने यह मांग की समाजसेवी सोनू सलूजा, सिद्धू पटेल, बद्री गुप्ता, मनोज जैन, राम सिंगाजी व क्षेत्र के लोगों ने की है ।

**आंदोलन** — प्रियंका गांधी के बारे में की गई टिप्पणी निंदनीय, सारे समाज को इसकी निंदा जरूरी : उत्तमपाल सिंह

# राहुल–प्रियंका पर बयान से कांग्रेस आक्रोशित, विजयवर्गीय का पुतला जलाया

नवभारत न्यूज

खंडवा । भाजपा के नेताओं का भाई बहन के पवित्र रिश्ते पर अमर्यादित टिप्पणी करना यह पूरे भारतीय नारी सम्मान का अमपान है ।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहर प्रतिभा रघुवंशी ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतला दहन का नेतृत्व करते हुए कहा कि उनके द्वारा राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी से भारतीय संस्कृति और रिश्तों की मर्यादा को कलंकित होती है ।



### दुर्गोत्सव पर महिला का कैसा अपमान?

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि अभी नवरात्रि के दिन चल रहे हैं । इसमे हम माँ दुर्गा की पूजा करते है । ऐसे पर्व में जहाँ नारी शक्ति की पूजा होती है । ऐसे पर्व में मंत्री ( कैलाश विजयवर्गीय) प्रियंका गांधी के बारे मे ऐसी टिप्पणी कर रहे हैं, जो बहुत निंदनीय है ।

### केवलराम चौक पर पुतला दहन

प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर खंडवा में 26 सितम्बर, को केवल राम चौराहे पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन हुआ । आक्रोशित कांग्रेसजनों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । उनको मन्त्रिमंडल से बर्खाश्त करने की मांग की ।

### कांग्रेसी एकजुट होने लगे

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल, मीना वर्मा, शांतनु दीक्षित, बाबा भाई, दीपक मुल्लू राठौर, प्रेमांशु जैन, यशवंत सिलावट, राजकुमार कैथवास, आसिम पटेल, मनोज मंडलोई, अहमद पटेल, दिव्यांश ओझा, वामनराव जाधव, अब्दुल कादिर, अय्यूब लाला, विकास व्यास, शेख फरीद, असलम, संजय पाटीदार, अश्विनी चौहान ,अक्षत अग्रवाल, देवेंद्र यादव, अयान, रशीद बाठिया, देवेंद्र थिटे, नासिर खान, मनोज कसेरा, मेहमूद खान, विनीत सकरगाए, शराफत खान ,वीरेंद्र गौतम सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे ।